पंकज कुमार
आई.ए.एस.
प्रबन्ध निदेशक

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग
लखनऊ–226 001
☎(O) 0522–2288377
CIN: U32201UP1999SGC024928

**संख्याः /3156/पाकालि/आर–2023** **दिनांक : 29/03/2023**

# परिपत्र

संज्ञान में आया है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के स्तर पर विचारित करने, उ0प्र0पा0का0लि0 स्तर से उच्च कार्यालय में अपेक्षित सूचना समेकित रूप से प्रेषित किये जाने अथवा उ0प्र0 शासन, महालेखाकार कार्यालय, उ0प्र0 विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति एवं लोक लेखा समिति आदि बैठकों हेतु वांछित सूचनाएं/आख्याएं/टिप्पणियाँ सम्बन्धित निदेशकगणों एवं डिस्कॉम/पावर कारपोरेशन प्रबन्धन के माध्यम से समेकित/समग्रता में प्रेषित न कर सम्बन्धित अनुभाग के प्रमुख यथा उपसचिव इत्यादि द्वारा पृथक रूप से प्रेषित किये जा रहे हैं, जिससे एक ओर सूचनाएं आधी–अधूरी एवं अपूर्ण होने के कारण प्रेषित सूचनाओं/उत्तर के सम्पूर्णता पर प्रश्नचिन्ह लगता है और दूसरी ओर विभाग की छवि धूमिल होती है तथा प्रकरण लम्बित रहते हैं।

अतः एत्दद्वारा आदेशित किया जाता है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के अधीनस्थ समस्त अनुभागों एवं समस्त डिस्कॉम्स से सम्बन्धित उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 स्तर पर विचारित किये जाने वाले, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 से उच्च कार्यालय को समेकित रूप से सूचना प्रेषित किये जाने वाले, उ0प्र0 शासन, महालेखाकार कार्यालय, उ0प्र0 विधान मण्डल की विभिन्न बैठकों यथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति/प्राक्कलन समिति/लोक लेखा समिति व अन्य सम्बन्धित प्रकरण में सूचनाओं का प्रेषण उ0प्र0पा0का0लि0 के सम्बन्धित निदेशक द्वारा/डिस्कॉम प्रबन्ध निदेशक द्वारा अधीनस्थ अनुभागों/अधीनस्थ कार्यालयों से सम्बन्धित सूचनाएं संकलित कराकर समग्रता में सीधे अथवा यदि आवश्यक हो तो उ0प्र0 पावर कारपोरेशन स्तर पर सम्बन्धित निदेशक के स्तर पर समेकित किये जाने के उद्देश्य से सम्पूर्णता में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

**(पंकज कुमार)**
प्रबन्ध निदेशक

**संख्या : 194/3156/पाकालि/आर–2023** **तद्दिनांकः–**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणान्चल/मध्यांचल/पूर्वान्चल/पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा/लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/केस्को लिमिटेड, कानपुर को इस आशय से प्रेषित कि वांछित सूचनाओं को समेकित कराकर समग्रता में प्रेषण कराने तथा यथावश्यक उ0प्र0 पावर कारपोरेशन को ससमय समेकित रूप से प्रस्तुत किये जाने हेतु अपने क्षेत्राधीन कार्यालयों/अधिकारियों/कार्मिको को निदेशित करने का कष्ट करें।
3. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ/डिस्काम मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेशित प्रक्रियानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु अपने क्षेत्राधीन कार्यालयों/अधिकारियों/कार्मिको को निदेशित करने का कष्ट करें।
4. समस्त मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक/अधिशासी अभियन्ता को अनुपालनार्थ प्रेषित।
5. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**(पंकज कुमार)**
प्रबन्ध निदेशक

PC-02/report/md letter/3156/tq